>

Title : Need to provide funds under Central Road Funds for construction

of roads in Vidarbha region of Maharashtra.

श्री दत्ता मेघे (वर्धा): मैं सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं कि गत साठ वर्षों में महाराष्ट्र के अन्य भागों में लगातार ग्रामीण रास्तों का विकास होता गया किंतु विदर्भ में अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ग्रामीण रास्तों का नेटवर्क नहीं के बराबर है । विदर्भ को राज्य के अन्य हिस्से के बराबर लाने के लिए केन्द्र सरकार की मदद के बिना संभव नहीं है जिसमें सेन्ट्रल रोड फंड एक अच्छा विकल्प हो सकता है।

विदर्भ अवर्षाग्रस्त क्षेत्र है । यहां खेती के अलावा रोजगार नहीं है । पिछले साठ वर्षों में इसमें कोई परिवर्तन नहीं आया है, गांव जस के तस है । जिस कारण लोगों में लगातार असंतोष बढ़ रहा है, किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहे हैं । जब भी मैं गांवों के दौरों पर जाता हूं तो लोग मुझे सड़कों की खस्ता हालत दिखाते हैं । नए रास्तों की मांग करते हैं । मैं पिछले तीन वर्षों से सेन्ट्रल रोड फंड के अंतर्गत मेरे चुनाव क्षेत्र के लिए नई सड़कें तथा कुछ रास्तों की मरम्मत की मांग ग्रामीण विकास मंत्रालय से कर रहा हूं, लेकिन अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है ।

मेरा सरकार से निवेदन है कि चांदुर (रेलवे)-सोनगांव-राजुरा रोड़, लोनी-धवलसारी-धानोरा फसी कोल्हा पापल रोड़, अंजनसिंगी-मंगरूल-पुलगांव रोड़ और लोनी-वातपुर-सेलुगुंड-साखरा रोड़ के लिए सेन्ट्रल रोड़ फंड के अंतर्गत शीघ्रता से सहायता की जाए ।

_